PRESS RELEASE

POWERGRID Commences Vigilance Awareness Week 2026 with Nationwide Integrity Pledge

Gurugram, 26 October 2026: Power Grid Corporation of India Limited (POWERGRID), a Maharatna CPSE under the Ministry of Power, Government of India, commenced the observance of Vigilance Awareness Week 2026, being organised from 26 October to 1 November 2026, with a nationwide reaffirmation of its commitment to integrity, transparency and ethical governance.

Shri Vamsi Rama Mohan Burra, Chairman and Managing Director, POWERGRID, administered the Integrity Pledge at the Corporate Centre in the presence of Directors, Chief Vigilance Officer and senior officials of the Corporation. Messages from the Hon'ble President of India, Hon'ble Vice-President of India, Hon'ble Prime Minister of India, and Central Vigilance Commission were read out during the ceremony, underscoring the importance of integrity, transparency, accountability and probity in public life.

The observance witnessed enthusiastic participation from POWERGRID employees across its offices, substations and project locations throughout the country. From its Corporate Centre to regional headquarters and establishments spread across the length and breadth of India, employees collectively took the Integrity Pledge, reaffirming their resolve to uphold the highest standards of ethical conduct and accountability in the discharge of their responsibilities.

Aligned with this year's theme, "Probity for Prosperity" (सत्यनिष्ठा से समृद्धि), the observance emphasises that integrity forms the foundation of public trust, good governance and sustainable prosperity. Through various awareness initiatives and employee engagement activities during the week, POWERGRID aims to further strengthen a work culture in which honesty, fairness and transparency guide every decision and action.

Adding a symbolic dimension to the commencement of the week, POWERGRID also organised the release of sky balloons at its establishments across the country. As a key contributor to India's power infrastructure, POWERGRID remains steadfast in its commitment to promoting transparency, accountability and integrity across all spheres of its operations, reinforcing the belief that ethical governance is integral to organisational excellence and national progress.

Issued by:

Team Corporate Communications
Follow us on twitter: pgcilindia
www.powergrid.in
e-mail: powergrid.pr@powergrid.in

प्रेस विज्ञप्ति

देशव्यापी सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ पावरग्रिड ने किया सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का शुभारंभ

गुरुग्राम, 26 अक्टूबर 2026: भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने देशव्यापी सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ दिनांक 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक आयोजित किए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देशभर में पावरग्रिड के सभी संस्थापनों में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं नैतिक सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई।

पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री वम्सी राम मोहन बुर्रा ने केंद्रीय कार्यालय में निदेशकों, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर भारत की माननीय राष्ट्रपति, माननीय उप राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदेशों का वाचन भी किया गया। इन संदेशों में सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं शुचिता के महत्व को रेखांकित किया गया।

इस आयोजन में देशभर में स्थित पावरग्रिड के कार्यालयों, उपकेंद्रों एवं परियोजना स्थलों पर कार्यरत कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉर्पोरेट केंद्र से लेकर क्षेत्रीय मुख्यालयों तथा देश के विभिन्न भागों में स्थित प्रतिष्ठानों तक, कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेकर अपने दायित्वों के निर्वहन में नैतिक आचरण एवं जवाबदेही के उच्चतम मानकों का पालन करने का संकल्प दोहराया।

इस वर्ष की थीम “सत्यनिष्ठा से समृद्धि” (Probity for Prosperity) के अनुरूप, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान इस बात पर विशेष बल दिया जा रहा है कि सत्यनिष्ठा ही जनविश्वास, सुशासन एवं सतत समृद्धि की आधारशिला है। सप्ताह के दौरान आयोजित किये जाने वाले विभिन्न जागरूकता पहलों एवं कर्मचारी सहभागिता गतिविधियों के माध्यम से पावरग्रिड का उद्देश्य ऐसी कार्यसंस्कृति को और सुदृढ़ करना है, जिसमें ईमानदारी, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता प्रत्येक निर्णय और कार्य का मार्गदर्शन करे।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के शुभारंभ को प्रतीकात्मक स्वरूप प्रदान करते हुए पावरग्रिड द्वारा देशभर में स्थित अपने प्रतिष्ठानों में आकाश में गुब्बारे छोड़ने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। भारत की विद्युत अवसंरचना के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला पावरग्रिड अपने समस्त कार्यक्षेत्रों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। निगम का दृढ़ विश्वास है कि नैतिक सुशासन, संगठनात्मक उत्कृष्टता एवं राष्ट्र की प्रगति का अभिन्न आधार है।

जारीकर्ता:
टीम कॉर्पोरेट संचार
ट्विटर पर फॉलो करें: @pgcilindia
वेबसाइट: www.powergrid.in
ई-मेल: powergrid.pr@powergrid.in